हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 19 दिसंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 शनिवार को पुराने न्यायालय परिसर में...



07 रात्रि गश्त से अपराधियों में भय व वारदातों पर प्रभावी...



## खबर संक्षेप

### जितेंद्र अध्यक्ष, सोमेश सचिव और सुमित कोषाध्यक्ष मनोनीत

**विदिशा।** बालाजी एवेन्यू ऑनर्स एसोसिएशन के द्विवार्षिक कार्यकारिणी चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। बालाजी एवेन्यू कॉलोनी में आयोजित बैठक में सर्वसम्मति से जितेंद्र दुबे को अध्यक्ष, सोमेश सोनी को सचिव तथा सुमित श्रीवास्तव को कोषाध्यक्ष मनोनीत किया गया। पूर्व अध्यक्ष अमित श्रीवास्तव ने अपने कार्यकाल का आय-व्यय लेखा-जोखा प्रस्तुत किया, जिसे सदस्यों ने सराहा। सभी सदस्यों ने नव-निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई दीं तथा कॉलोनी के विकास कार्यों में पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।







### बाबा भैरो के दरबार से शुरू हुई छींद धाम यात्रा



**नटेरन।** बाबा भैरो के दरबार से शुरू हुई छींद धाम की 5 दिवसीय पैदल यात्रा गुरुवार दोपहर 12 बजे नटेरन स्थित भैरो बाबा मंदिर से रवाना हुई। 18 से 20 श्रद्धालुओं का जत्थे का पहला पड़ाव गुलाबगंज रहेगा, जहां रात्रि विश्राम होगा। आज शुक्रवार सुबह 7 बजे यात्रा पुनः प्रारंभ होकर ठर नौलास पहुंचेगी। दूसरा पड़ाव देहगांव और बामौरी शाला में रहेगा। यह धार्मिक यात्रा 22 दिसंबर की रात छींद धाम पहुंचेगी जहां भंडारा होगा। इस यात्रा में अमित रघुवंशी, रामकृष्ण रघुवंशी, शैलेंद्र धाकड़, दीपक, अंकित, निरंजन रघुवंशी सहित अनेक श्रद्धालु शामिल हैं।

### संत समागम व कथा के लिए किया भूमिपूजन



**विदिशा।** 21 दिसंबर को होने वाले एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय गौ संरक्षण धर्मसभा एवं संत समागम तथा सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के लिए गुरुवार को भूमिपूजन किया गया। 21 दिसंबर रविवार को दोपहर 1 बजे से संत समागम होगा। उसी दिन श्रीमद्भागवत कथा शुरू होगी जो 28 दिसंबर तक चलेगी। कथा व्यास पं. रविन्द्र पांडेय ने बताया कि कथा राघवजी कॉलोनी भोगीराम कुशवाह के बगीचे में रहा। संत समागम में देश-विदेश के संत, कथावाचक तथा संभावित रूप से कई मंत्री, राजनेता व अधिकारी शामिल होंगे।

**अतिक्रमण:** नपा ने ताबड़तोड़ तरीके से की कार्रवाई कई दुकानों का सामान जब्त

# नीमताल व बसस्टैंड से अतिक्रमण हटाया चौरसिया रेंस्टोरेंट पर 10 हजार का जुर्माना

***नगरपालिका के अतिक्रमण विरोधी दस्ते ने गुरुवार को बस स्टैंड और नीमताल चौक पर अतिक्रमण हटाने की ताबड़तोड़ कार्रवाई की। लोगों ने इस कार्रवाई को नियमित रूप से करने की मांग की है।***

लंबे समय बाद फिर एक्शन में आई टीम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहर में बढ़ते अतिक्रमण से राहत दिलाने के लिए नगर पालिका ने गुरुवार को सख्त रुख अपनाया। नीमताल चौराहे से बसस्टैंड और सब्जी मंडी क्षेत्र तक अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाकर सड़क पर अवैध कब्जे हटाए गए, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी सुचारू हो सका।

अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम ने अवैध गुमटियां, दुकानों के बाहर लगाए गए टीन-शेड और अतिक्रमण कर बनाई गई अस्थायी दुकानों को हटाया। कार्रवाई के दौरान कई दुकानदारों का सामान जब्त किया गया। नगरपालिका ने नियमों का उल्लंघन करने वालों पर अर्थदंड भी लगाया। चौरसिया रेस्टोरेंट पर 10 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया, जबकि एक अन्य दुकान से 2 हजार रुपये वसूले गए। अतिक्रमण कर सड़क पर व्यापार करने वाले प्रतिष्ठानों को विशेष रूप से निशाना बनाया गया। अचानक हुई कार्रवाई से इलाके में हड़कंप मच गया। सड़क किनारे दुकान लगाने वाले व्यापारी अपना सामान समेटते नजर आए। अतिक्रमण हटने से कुछ समय के लिए सड़कें खुलीं और लोगों को राहत मिली है।



**विदिशा।** सड़क किनारे खड़े ठेले और गुमठियों को जब्त कर ले जाता हुआ नपा का अतिक्रमण विरोधी दस्ता।

#### जारी रहेगी मुहिम

नगरपालिका के अतिक्रमण प्रभारी विजय वाघमारे ने बताया कि अतिक्रमण विरोधी अभियान जारी रहेगा। उन्होंने कहा कि जिन लोगों को पहले ही चेतावनी दी जा चुकी थी, उनके खिलाफ अब सामान जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। बस स्टैंड क्षेत्र में दुकानों के आगे किए गए अवैध कब्जे हटाए गए हैं।

#### नागरिकों ने नियमित कार्रवाई की मांग की

स्थानीय नागरिकों ने नगर पालिका की इस कार्रवाई का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि यदि यह अभियान नियमित रूप से चलता रहे, तो शहर को अतिक्रमण से स्थायी राहत मिल सकती है। हालांकि, उन्होंने यह भी चिंता जताई कि अक्सर ऐसी कार्रवाई कुछ दिनों में ही थम जाती है, जिसके बाद अतिक्रमण दोबारा लौट आता है। अस्पताल के सामने सी भी नगरपालिका कई बार अतिक्रमण हटाने और जुर्माने की कार्रवाई कर चुकी है। यह सड़क प्रतिबंधित क्षेत्र होने के बाद भी यहां फुटपाथ पर अतिक्रमण है।

#### अतिक्रमण कारियों का अड्डा है अस्पताल रोड

नवीन अस्पताल का फुटपाथ भी अतिक्रमण कारियों का अड्डा बन चुका है। यह सड़क प्रतिबंधित क्षेत्र में आती है। यहां पर किसी भी प्रकार का शोर शराबा या दुकानें संचालित नहीं की जा सकती, इसके बावजूद सड़क किनारे फुटपाथ पर दर्जनों दुकानें संचालित हो रही हैं। जहां पर रात 12 बजे तक लोग पहुंचते हैं। शराब के नशे में उत्पात और लड़ाई झगड़े के कई मामले भी यहां सामने आ चुके हैं। कलेक्टर पंकज जैन ने इस सड़का को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित किया था जिससे शोर शराब के कारण अस्पताल में भर्ती मरीजों को परेशानी का सामना न करना पड़े।

**मनमाना व्यापार** संभागीय उड़नदस्ते की बड़ी कार्रवाई, खाद्य कारोबारियों पर कसा शिकंजा

## बिना अनुमति पैक किया जा रहा आटा, गंदगी का अंबार



**विदिशा।** शहर की विभिन्न फार्मों पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए।

बेतवा मल्टी फूड से सोयाबीन तेल के दो नमूने जांच के लिए एकत्रित किए।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

खाद्य सुरक्षा आयुक्त के निर्देश पर गठित संभागीय उड़नदस्ता टीम ने गुरुवार को विदिशा में खाद्य कारोबारियों की जांच की। टीम ने शहर के खाद्य प्रतिष्ठान, फर्मों पर औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण में प्रतिष्ठानों पर गंदगी, बिना लाइसेंस के पैकेजिंग के मामले सामने आए हैं।

टीम द्वारा मिर्जापुर स्थित फर्म क्रांति इंटरप्राइजेज का निरीक्षण किया। जहां खाद्य अनुज्ञप्ति की शर्तों का उल्लंघन एवं साफ-सफाई का गंभीर अभाव था। इसके बाद बेतवा मल्टी फूड, मिर्जापुर सागर रोड से सोयाबीन तेल के दो नमूने जांच के लिए एकत्रित किए गए। पीतलमिल स्थित सिद्धार्थ फूड से आटे के 2 सेंपल लिए गए हैं। निरीक्षण के दौरान पाई गई कमियों के आधार पर संबंधित फर्मों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत नोटिस जारी किए जाएंगे।

#### क्रांति इंटरप्रोजज पर चल रही थी मनमानी

क्रांति इंटरप्राइजेज पर लटसाहब शरबती गेहूं की बिना खाद्य लाइसेंस के ही पैकेजिंग की जा रही थी। टीम ने करते हुए प्रकरण बनाया है। निरीक्षण दल में खाद्य सुरक्षा अधिकारी पंकज श्रीवास्तव, अरुणेश पटेल, धर्मेंद्र नुनाइया, अखिलेश गंगवार तथा विदिशा जिले की खाद्य सुरक्षा अधिकारी एडलिन ई. पन्ना एवं संदीप वर्मा शामिल रहे।

## मनमानी: हाईवे निर्माण कर रही कंपनी के ठेकेदार ने बिना अनुमति खोद डाली जंगल की जमीन


**वन क्षेत्र में अवैध खनन कर रही पोकलेन मशीन वन विकास निगम ने की जब्त**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

ग्यारसपुर वन परिक्षेत्र अंतर्गत राहतगढ़–ग्यारसपुर फोरलेन सड़क निर्माण कर रही नेशनल हाईवे निर्माण कार्य एमकेसी कंपनी के ठेकेदार ने बिना अनुमति वन क्षेत्र में खुदाई कर लाखों की मिट्टी, मुरम और कोपरा खोद लिया। लेकिन इसकी भनक वन विभाग को लग गई। सूचना मिलते ही वन विकास निगम के परियोजना परिक्षेत्र अधिकारी दिनेश सिंह के मार्गदर्शन में विभागीय अमला मौके पर पहुंचा और कार्रवाई की। जांच में बीट क्रमांक आरएफ/123 में अवैध उत्खनन की पुष्टि हुई। वन विभाग ने मामला दर्ज कर एक पोकलेन मशीन को जब्त कर लिया है। जिसे ढकना सपना डिपो में खड़ा कराया गया है। मशीन को राजसात करने की प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है।



वन भूमि पर खुदाई कर ठेकेदार ने लाखों बचाए।




**जिला सलाहकार समिति बैठक** कलेक्टर ने बैंक शाखाओं को दिए मानक पालन के आदेश

## छोटे कमरों में चल रहीं बैंक शाखओं की क्रॉस मॉनिटरिंग के निर्देश नियमों की अनदेखी पाए जाने पर शाखा बंद करने तक की चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गुरुवार को कलेक्ट्रेट में जिला जिला स्तरीय सलाहकार समिति की बैठक थी। जिसमें कलेक्टर ने बैंकों की कार्यप्रणाली को लेकर सख्त निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्पष्ट किया कि हितग्राहीमूलक योजनाओं के वित्त पोषण में कोताही स्वीकार नहीं की जाएगी। पात्र हितग्राहियों को समय-सीमा में ऋण सुविधा उपलब्ध कराना बैंकों की प्राथमिक जिम्मेदारी होगी। उन्होंने सभी बैंक शाखा प्रबंधकों को निर्देश दिए कि बैंकों की शाखाएं निर्धारित मापदंडों के अनुरूप संचालित होना चाहिए।




बैंक के अधिकारियों को निर्देश देते कलेक्टर

**3 माह का अल्टीमेटम** छोटे और असुरक्षित कमरों में चल रहीं बैंकों की शाखाओं को लेकर उन्होंने 3 माह की समय-सीमा तय कर क्रॉस मॉनिटरिंग के निर्देश दिए। नियमों की अनदेखी पाए जाने पर शाखा बंद करने तक की चेतावनी कलेक्टर ने दी है। बैठक के दौरान कलेक्टर ने दुर्घटना से बचाव के सभी उपाय, पार्किंग व्यवस्था तथा उपभोक्ताओं की सुविधा सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

#### इन योजनाओं की समीक्षा

बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी-2), पीएम स्वनिधि योजना, स्व-सहायता समूहों के सीसीएल, टंट्या मामा एवं डॉ. भीमराव अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना, डेयरी एवं मत्स्य पालन केसीसी प्रकरणों सहित आकांक्षी जिले के केपीआई इंडिकेटर्स और लंबित आरआरसी मामलों की समीक्षा की गई। इस दौरान आरबीआई सहायक महाप्रबंधक रामनगर, लीड बैंक ऑफिसर बीएस बघेल, नाबार्ड डीजीएम जसप्रीत कौर सहित बैंकों के नोडल अधिकारी एवं विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## अपराध:विदिशा व रायसेन के दो चोर धराए, दो बाइक जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

थाना सिविल लाइन पुलिस ने बाइक चोरी के 2 अलग प्रकरणों में 2 आरोपियों को दबोच लिया। दोनों आरोपियों से दो बाइकें जब्त की गई हैं। मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से कार्रवाई करते हुए आरोपियों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपियों में विशन रैकवार (18) निवासी बरईपुरा विदिशा, नूर खान (55) निवासी मकरदा, बरेली, जिला रायसेन को गिरफ्तर किया गया है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी आरके मिश्रा सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों व जवानों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## फाइनल मैच टाई हुआ, सुपर ओवर में डांगरवाड़ा टीम ने भाटनी को एक रन से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित खेल गतिविधियों का गुरुवार को एसएटीआई कॉलेज में समापन हो गया।

मंडल स्तरीय क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला अहमदपुर मंडल की डांगरवाड़ा एवं भाटनी टीमों के बीच खेला गया, जिसने दर्शकों को रोमांच से भर दिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ विधायक मुकेश टंडन ने टॉस कराकर एवं खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर किया। जिला खेल अधिकारी प्रदीप सिंह रावत ने बताया कि पुरुष वर्ग की इस प्रतियोगिता में अहमदपुर मंडल की कुल 12 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मैच टाई रहने के बाद सुपर ओवर खेला गया, जिसमें डांगरवाड़ा टीम ने भाटनी को एक रन से पराजित कर विजेता का खिताब अपने नाम किया।



## आबकारी विभाग ने 8 स्थानों पर एक साथ दी दबिश

**विदिशा।** अवैध शराब की बिक्री रोकने आबकारी विभाग द्वारा अभियान चलाया गया। जिला आबकारी अधिकारी शरद पाठक के मार्गदर्शन में सिरोंज क्षेत्र में 8 स्थानों पर एक साथ दबिश दी गई। कार्रवाई के दौरान कुल 30 बल्क लीटर हाथ भट्टी मदिरा, 13.05 बल्क लीटर विदेशी मदिरा तथा 750 किलोग्राम लाहन जब्त की गई। कस्टम क्षेत्र से आरोपी सुमित करोसिया को मौके से गिरफ्तार कर विधिसम्मत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जहां से उसे न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया गया।




**राजा हीराखान सिंह की वीरता और बड़ादेव के चमत्कारों ने दर्शकों को किया मंत्रमुग्ध**

# जननायक नाट्य समारोह में गूंजा गौंड सभ्यता का शौर्य, 45 कलाकारों ने रचा इतिहास का जीवंत मंचन

कोरियोग्राफर प्रियंका शर्मा ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सिरोंज में आयोजित गौंड जनजाति समुदाय की गौरवशाली संस्कृति, शौर्य और परंपराओं को जीवंत करने वाले जननायक नाट्य समारोह में भीड़ उमड़ी।

विधायक उमाकांत शर्मा के प्रयासों से मप्र संस्कृति विभाग द्वारा नगर के कष्टम पथ स्थित केडीबीएम कॉलेज में आयोजित 3 दिवसीय आयोजन में गौंड गण सभ्यता के महानायकों के जीवन पर आधारित नाट्य प्रस्तुतियां हुईं। समापन पर अंतिम तीसरे दिन डिंडौरी जिले से आए 45 सदस्यीय कलाकार दल ने राजा हीराखान सिंह की वीरता पर आधारित नृत्य-नाटिका का प्रभावशाली मंचन किया।

नाट्य प्रस्तुति के माध्यम से गौंड सभ्यता के महानायक राजा हीराखान के शौर्य, त्याग और इस अंचल में पूजे जाने वाले देवता बड़ादेव के चमत्कारों को सशक्त रूप से दर्शाया गया। राजा हीराखान की भूमिका में कमल पाराशय और रानी कम्माल की भूमिका में कोरियोग्राफर प्रियंका शर्मा ने दर्शकों की खूब सराहना बटोरी। संस्कृति विभाग के समन्वयक प्रभाकर द्विवेदी के मार्गदर्शन में हो रहे इस आयोजन में लोककला, परंपरा और इतिहास का अद्भुत संगम देखने को मिला।



#### स्थानीय स्कूल के छात्र छात्राओं ने भी दी प्रस्तुति

प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे विद्यार्थी भी बड़ी संख्या में कार्यक्रम देखने पहुंचे, क्योंकि इन नाट्य आख्यानों में लोकसंस्कृति और इतिहास से जुड़े महत्वपूर्ण तथ्य समाहित हैं। कार्यक्रम से पूर्व स्थानीय कन्या उच्चतर विद्यालय की छात्राओं ने झांसी की रानी लक्ष्मीबाई पर आधारित नाटक तथा ब्राइट फ्यूचर स्कूल के बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, शिक्षक, समाजसेवी, अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

**जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा**

**सूचना**

हरिभूमि के सुधि पाठकों को सूचित किया जाता है कि पाठकों के लिए जन्मदिन उत्सव योजना चलायी गई थी। जिसमें भाग्यशाली पाठकों के उपहार वितरण की सूचना समाचार पत्र में प्रकाशित किया जायेगा।

## बासौदा मंडी भाव

सोयाबीन
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव-5151
सरसों
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-7300
चना
न्यूनतम भाव- 4200
उच्चतम भाव- 5530
मसूर
न्यूनतम भाव-3600
उच्चतम भाव-6520
ज्वार
न्यूनतम भाव-2400
उच्चतम भाव-5600
मक्का
न्यूनतम भाव-1400
उच्चतम भाव- 1735
तेवड़ा
न्यूनतम भाव-2510
उच्चतम भाव-3080
धान
न्यूनतम भाव-1000
उच्चतम भाव-3440
गेंहू
न्यूनतम भाव-2280
उच्चतम भाव-3420
उड़द
न्यूनतम भाव-5590
उच्चतम भाव-6300
बटरी
न्यूनतम भाव-3000
उच्चतम भाव-3000
धनिया
न्यूनतम भाव-8000
उच्चतम भाव-8000
मटर
न्यूनतम भाव-2270
उच्चतम भाव-2270

### कृषि मण्डी में हुई आवक

गंज बासौदा। कृषि उपज मण्डी में गुरुवार को आसपास के ग्रामीण अंचलों से किसान ट्रैक्टर-ट्रालियों से कृषि जिंसों को नीलामी के लिए लेकर पहुंचे। जिससे कृषि उपज मण्डी में 34623 बोरे उपज की आवक दर्ज हुई।

# शनिवार को पुराने न्यायालय परिसर में होंगे अभिभाषक संध के चुनाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

अभिभाषक संघ के चुनाव आगामी 19 दिसंबर को पुराने न्यायालय परिसर में होंगे। निर्वाचन अधिकारी राकेश कुमार अरोरा ने बताया कि मतदान सुबह 9:30 बजे से शुरू होकर दोपहर 3 बजे तक चलेगा। इसके बाद मतगणना की जाएगी और विजेता उम्मीदवारों के नाम घोषित किए जाएंगे। इन चुनावों में कुल 299 मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। चुनाव प्रक्रिया को सुचारु रूप से संपन्न कराने के लिए पुराने न्यायालय परिसर में अस्थायी कक्षों का निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया है। चुनाव मैदान में उतरे सभी उम्मीदवार अपने-अपने स्तर पर तेजी से प्रचार-प्रसार में जुट गए हैं। वे अधिक से अधिक मतदाताओं से संपर्क कर अपने पक्ष में मतदान कराने का प्रयास कर रहे हैं। अध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट डॉ. अखिलेश लाहौरी, एडवोकेट अमान सिंह राजपूत और एडवोकेट नरेंद्र व्यास मैदान में हैं। उपाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट द्वारका प्रसाद किरार और एडवोकेट सुनील भावसार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वहीं, सचिव पद के लिए एडवोकेट राजेश शर्मा और


गंजबासौदा। चुनाव की तैयारियों में जुटे अभिभाषकगण

एडवोकेट भूपेंद्र सिंह राजपूत के बीच मुकाबला है। सहसचिव पद के लिए एडवोकेट सुरेंद्र सिंह राजपूत और एडवोकेट सौरभ सक्सैना, कोषाध्यक्ष पद के लिए एडवोकेट घनश्याम सिंह रघुवंशी और एडवोकेट सिद्धार्थ कुमार जैन उम्मीदवार हैं। पुस्तकालय सचिव पद हेतु एडवोकेट कमालपाशा माथुर, एडवोकेट अर्जुन सिंह कुर्मी और एडवोकेट गजराज सिंह अहिरवार दावेदार हैं। कार्य परिषद सदस्य पद के लिए एडवोकेट मानक लाल प्रजापति, एडवोकेट दिनेश नामदेव, एडवोकेट नरेंद्र सिंह राजपूत, एडवोकेट रूपेश कुशवाह और एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी मैदान में हैं। कार्यपरिषद सदस्य (आरक्षित महिला) पद के लिए एडवोकेट रुचि जैन और एडवोकेट मंजू कुशवाह सहित कुल 21 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं।

# अनिल शर्मा पटवारी संघ के संभागीय अध्यक्ष नियुक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के पटवारी अनिल शर्मा को मध्य प्रदेश पटवारी संघ भोपाल प्रांताध्यक्ष द्वारा भोपाल संभाग के संभागीय अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस नियुक्ति पर सभी मित्रगण, सभी पटवारी संघ साथियों द्वारा बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई है। पटवारी साथियों ने कहा कि मध्य प्रदेश संघ में इस पद पर रहते हुए आपके द्वारा पटवारीयों के लिए हितों में ऐसे कार्य किए जाएं, जिससे पटवारी परिवार हमेशा आगे बढ़ता


गंजबासौदा। पटवारी अनिल शर्मा

रहे। जिले के पटवारी साथियों द्वारा प्रांत अध्यक्ष उपेंद्र सिंह बघेल का आभार व्यक्त किया गया है।

## देहात थाना पुलिस ने की बडी कार्रवाई, वाहन और जेवर भी बरामद

# ब्राउन शुगर, गांजा और हथियारों के साथ एक युवती सहित चार पकड़ाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

देहात थाना पुलिस ने मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बडी कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने एक युवती और तीन युवकों को पकडकर उनके पास से ब्राउन शुगर,गांजा, सोने चांदी के आभूषण, कट्टा, कारतूस, छुरी आदि बरामद किए हैं। इन सभी के खिलाफ विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

यहां उल्लेखनीय है कि नगर में नशे का अवैध कारोबार तेजी से बढ रहा है। जिसको लेकर पिछले दिनों नगरागम पर क्षेत्रीय सांसद एवं केन्द्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने भी मुख्यमंत्री मोहन यादव के समक्ष मंच से चिंता व्यक्त की थी। जिसके बाद से ही पुलिस ने इस दिशा में अपनी सुरागरसी और धरपकड की कार्रवाई तेज कर दी थी।



गंजबासौदा। देहात थाना गंजबासौदा।

इसी के तहत पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी। जिस पर एसपी रोहित कासवानी एवं एएसपी डॉ प्रशांक चौबे के निर्देशन एवं एसडीओपी शिखा भलावी के मार्गदर्शन में पुलिस टीम का गठन किया गया। इस टीम में शहर थाना प्रभारी संजय बेदिया, एसआई राजेन्द्र सिंह ठाकुर, प्रहलाद सिंह चौहान, एएसआई मनोज तिवारी, प्रआर चंद्रभान साहू, बैजनाथ यादव, दिव्यक्रांति भार्गव, आर रिषभ श्रीवास्तव, राहुल झा, प्रकाश अम्लियार, रामनिवासी मीना, प्रियंका तिवारी, सैनिक कृष्णपाल सिंह शामिल रहे। इस टीम ने चांदसी अस्पताल के पास से आरोपियों को पकडा।

### आरोपियों से ब्राउन शुगर एवं हथियार जब्त

गंजबासौदा। पुलिस द्वारा पकडे गए आरोपियों में शानू उर्फ देवेन्द्र त्यागी निवासी पठार मोहल्ला से 30 ग्राम ब्राउन शुगर, 52 हजार रूपए, एक बाइक, सोने चांदी के आभूषण जब्त कर उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/21 के तहत कार्रवाई की गई। दूसरे आरोपी चंद्रमोहन उर्फ शिव पारासर निवासी पंडापुरा से 315 बोर का देशी कट्टा, 315 बोर के दो और 12 बोर के 7 कारतूस एवं एक स्कूटी बरामद कर 25 ए आर्म्स एक्ट की कार्रवाई की गई। जबकि तीसरे आरोपी लकी व्यास निवासी पंडापुरा से एक छुरी जब्त कर 25 आर्म्स एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया। वहीं इस मामले में भोपाल निवासी एक 32 वर्षीय युवती को भी इसी गिरोह के साथ पकडा गया है। जिसके पास से 250 ग्राम गांजा जब्त कर 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। यह कार्रवाई अवैध मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ की गई बडी कार्रवाई मानी जा रही है। मामले की गंभीरता को देखते हुए एसपी रोहित कासवानी ने भी देहात थाना परिसर पहुंचकर पूरी कार्रवाई की जानकारी ली और पुलिस टीम का उत्साह वर्धन करते हुए आगे भी मादक पदार्थों के कारोबार के खिलाफ इसी तरह कार्रवाई करने के दिशा निर्देश दिए।
यहां उल्लेखनीय है कि नगर सहित इलाके भर में इस तरह के ड्रग तस्करों के अन्य गिरोह भी सक्रिय हैं और अब ब्राउन शुगर का सेवन करने वालों में युवाओं के साथ साथ युवतियों की संख्या भी लगातार बढती जा रही है। यदि पुलिस पकडे गए आरोपियों से गहन पूछताछ करे तो नगर में नशे का कारोबार करने और उसका सेवन करने वालों की पूरी जानकारी भी सामने आ सकती है।

# भारत माता कॉन्वेंट स्कूल प्रबंधन की अवैध वसूली, आज टीम करेगी जांच



गंजबासौदा। भारत माता कांवेंट स्कूल ।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

हमेशा सुर्खियों में रहने वाले भारत माता कान्वेंट स्कूल पालकों से अवैध वसूली को लेकर एक बार फिर सुर्खियों में आ गया है। स्कूल प्रबंधन पर उचित कार्रवाई की मांग को लेकर विनोद उर्फ विक्रम रघुवंशी निवासी बेहलोट बायपास ने बीईओ, बीआरसी को शिकायती आवेदन सौंपे हैं। सौंपे गए आवेदन में कहा गया है कि उनका पुत्र भारत माता कॉन्वेन्ट स्कूल में अध्ययनरत है। स्कूल मेनेजमेंट द्वारा कुछ दिन पूर्व वार्षिक मेला आयोजन के नाम पर बच्चों से 300-300 रूपये की अवैध वसूली कर बिना रसीद दिये मेले का आयोजन किया था। जिसमें बच्चों को ठंडे एवं गंदे पानी से नहला दिया गया था। जिससे उनके पुत्र की तबीयत खराब हो गई थी। जिसका उपचार शिशु रोग विशेषज्ञ के यहां कराना पड़ा था। इस तरह से बच्चे अस्वस्थ हुये और जो पैसे लिये गये, उसका कोई हिसाब नहीं दिया गया। न ही पालकों को रसीद दी गई। अवैध वसूली को लेकर पालकों में नाराजगी है। पालकों ने जब बारे में सवाल जबाब किए तो स्कूल प्रबंधन ने दबाब बनाने के लिए उनके ही खिलाफ शिकायत कर दी। पालकों का कहना है कि स्कूल प्रबंधन द्वारा हमेशा पालकों से अभद्रता की जाती है। सोशल मीडिया पर नाराजगी जाहिर की गई है। सौंपे गए आवेदन में स्कूल प्रबंधन की अवैध वसूली की जांच कराई जाने की मांग की है। इस संबंध में भारत माता स्कूल प्रबंधन से कई बार कोशिश करने पर भी संपर्क नहीं हो सका।
वहीं बीईओ परता अहिरवार ने बताया कि भारत माता कान्वेंट स्कूल प्रबंधन के खिलाफ शिकायतें प्राप्त हुई हैं। शुक्रवार को इस मामले में टीम भेजकर जांच कराई जाएगी।

## खबर संक्षेप

### पति और पत्नी ने एक साथ में ली अंतिम सांस



गंजबासौदा। नगर के वरिष्ठ एडवोकेट स्वर्गीय माधव प्रसाद तिवारी के ज्येष्ठ पुत्र एवं अनुराग तिवारी के पिता उमाशंकर तिवारी सेवानिवृत्त चीफ इंजीनियर एवं उनकी धर्मपत्नी पदमा तिवारी दोनों का गतदिवस कुछ समय के अंतराल से दुखद निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा गुरुवार को निज निवास सिरोंज चौराहे से पाराशरी विश्राम घाट के लिए निकाली गई। इस दंपति की साथ साथ निकली अंतिम यात्रा में बडी संख्या में नागरिकों ने शामिल होकर उन्हें अंतिम विदाई दी। परिवार के सदस्य गौरव तिवारी ने बताया कि उनके ताऊ और ताईजी का वैवाहिक जीवन करीब 60 वर्ष से अधिक का रहा है। उनके बीच आपसी प्रेम इतना था कि छह माह पूर्व से दोनों ही एक के बाद एक करके बीमार हुए और पिछले दो दिनों से दोनों ने ही भोजन त्याग दिया था। जब ताऊजी का निधन हुआ तो उसके कुछ ही समय बाद ताईजी ने भी अपनी अंतिम सांस ली और दोनों साथ विदा हुए।

# नि:शुल्क जांच शिविर में हुई कई मरीजों की जांच



त्योंदा। मठ मंदिर में नि:शुल्क चिकित्सा शिविर में परीक्षण कराते ग्रामीण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

गुरुवार को त्योंदा स्थित मठ मंदिर में एक अस्पताल द्वारा नि:शुल्क जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें त्योंदा सहित आसपास के ग्रामीणों ने शामिल होकर अपनी जांच कराई। जांच शिविर के दौरान उपस्थित चिकित्सकों ने कहा कि जो लोग आयुष्मान पर उपचार करवाना चाहते हैं, उन्हें ले जाने की व्यवस्था की गई। शिविर के दौरान हॉस्पिटल के स्पेशलिस्ट डॉक्टर द्वारा लोगों की जांच की गई साथ ही ग्रामीणों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारियां दी गईं। इस दौरान त्योंदा क्षेत्र के सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुषों ने शामिल होकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।

# छींदधाम दरबार के लिए नगर से पैदल रवाना हुए श्रद्धालुगण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को दोपहर के समय मंशापूर्ण हनुमान मंदिर से छींदधाम दरबार के लिए अनेक श्रद्धालुगण पैदल रवाना हुए। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने शामिल होकर फूल मालाओं से पैदल यात्रियों का स्वागत किया। यह इस यात्रा का पांचवां वर्ष है। यात्रा शुरू करने से पहले सभी श्रद्धालु मंशा पूर्ण हनुमान मंदिर पर एकत्रित हुए और भगवान हनुमान की पूजा-अर्चना की। इसके बाद पैदल यात्रा का शुभारंभ हुआ। यात्रा के दौरान एक डीजे भी नगर के बाहर तक श्रद्धालुओं के साथ चला। मार्ग में कई सामाजिक और राजनीतिक संगठनों के लोगों ने पुष्पमाला पहनाकर पैदल यात्रियों का स्वागत किया। इस यात्रा में नगर के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्रों के श्रद्धालु भी शामिल हुए हैं। समीप के ग्राम बरेठ के श्रद्धालु अपने गांव के बड़ी माता मंदिर पर एकत्र होकर


गंजबासौदा। नगर से छींदधाम के लिए पैदल जाते श्रद्धालुगण।

गंजबासौदा पहुंचे और यहां अन्य श्रद्धालुओं के साथ मिलकर छींदधाम के लिए आगे बढ़े। शैलेंद्र रघुवंशी ने बताया कि यह यात्रा पिछले पांच वर्षों से लगातार निकाली जा रही है। यात्रा 18 को शुरू होकर 23 दिसंबर को छींदधाम पहुंचेगी। जहां श्रद्धालु विश्व कल्याण की भावना को लेकर पूजा-अर्चना करेंगे। साथ ही, वहां एक विशाल भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के शामिल होने की उम्मीद है।

# जल संचय एवं बोरी बंधान कार्य किया गया



गंजबासौदा। जल संचय हेतु बोरी बंधान करते सदस्यगण।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा जल संचय बोरी बंधान अभियान के तहत ग्राम पंचायत देरखी के ग्राम बमोरी हसनपुर में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें जल संचय अभियान के तहत संस्था मां शीतला ह्यूमन सोसाइटी द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर जल संचय अभियान के तहत बोरी बंधान का कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम में संस्था के संचालक हजारीलाल पाटस्कर एवं सरपंच प्रतिनिधि रामकरण अहिरवार, मेंटर जगदीश प्रसाद साहू सहित संस्था सहयोगी श्याम बाबू साध सहित ग्रामीणजन उपस्थित थे।

## एक दिवसीय जीरो डोज प्रशिक्षण संपन्न

# जीरो डोज प्रशिक्षण को मिल रहा सहयोग


गंजबासौदा। जीरो डोज प्रशिक्षण में भाग लेते जनप्रतिनिधि, धर्मगुरु।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

गुरुवार को यूनिसेफ के संयुक्त तत्वावधान में GAVI ब्लॉक में एक दिवसीय जीरो डोज प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में विभिन्न ग्रामों से आए प्रमुख सरपंच, सचिव एवं धर्म गुरुओं ने सहभागिता करते हुए बच्चों के शत-प्रतिशत टीकाकरण हेतु पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया। कार्यक्रम के दौरान जीरो डोज बच्चों की पहचान, समुदाय में जागरूकता बढ़ाने तथा टीकाकरण से वंचित बच्चों तक सेवाएं पहुँचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं धर्म गुरुओं ने अपने-अपने क्षेत्र में स्वास्थ्य विभाग का सहयोग कर टीकाकरण को सफल बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग से बीईई बीएस दांगी, एनआरएलएम विभाग से सूरज साहू, यूनिसेफ से जिला समन्वयक मनोहर मालवीय, ब्लॉक समन्वयक अमित शर्मा एवं फारुख खान एवं धर्मगुरु, ग्राम के सरपंच, सचिव विशेष रूप से उपस्थित रहे। सभी वक्ताओं ने जीरो डोज बच्चों तक पहुँच सुनिश्चित करने हेतु सामुदायिक सहभागिता को अत्यंत आवश्यक बताया।
कार्यक्रम का उद्देश्य समुदाय, जनप्रतिनिधियों एवं विभागीय समन्वय के माध्यम से टीकाकरण अभियान को सशक्त बनाना रहा, ताकि कोई भी बच्चा टीकाकरण से वंचित न रहे। इस दौरान अनेक लोग मौजूद रहे।

# स्वरूप नगर की टीम ने जीता सांसद खेल महोत्सव में क्रिकेट का फाइनल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

सांसद खेल महोत्सव के तहत बुधवार को ग्रामीण खेल प्रतियोगिताओं में क्रिकेट का फायनल मैच आयोजित किया गया। शासकीय एसजीएस कॉलेज के खेल परिसर में आयोजित इस फायनल मुकाबले में निर्धारित 10 ओवर में स्वरूपनगर की टीम ने 7 विकेट खोकर 100 रन बनाए। जिसमें मुकुंद ने 34, विजय ने22, गजेन्द्र ने 19 और दीपक ने 11 रनों की पारी खेली। इस लक्ष्य का पीछा करने उतरी पबई की टीम मात्र 60 रन ही बना सकी। बल्लेबाजों की तरह स्वरूपनगर के गेंदबाजों ने भी अच्छा प्रदर्शन किया। जिसमें दीपक राजपूत ने 2, सनी राजपूत ने 1 और राजा ने 3 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच दीपक राजपूत को दिया गया। इस तरह स्वरूपनगर की टीम ने उत्कृष्ट खेल दिखाते हुए फायनल मैच जीत लिया। विजेता टीम को अतिथियों ने ट्रॉफी और बधाई दी। पबई टीम की भी सराहना की गई।

# गोशाला में बरसा काव्य सुधा रस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

साहित्यकार संघ द्वारा गौवंश के विनाश पर केंद्रित काव्य गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें सृजनशील सृजन धर्मी रचनाकारों द्वारा गीत, गजल, कविता, दोहा, हास्य, व्यंग, मुक्तक एवं तीर में तुक्का ने उपस्थित जन समुदाय सहित समस्त रचनाकारों को काव्य रस वर्षा से सराबोर कर दिया। इस आत्मीय आयोजन में राकेश जैन विद्युत, केशव मैकेनिक, ओम प्रकाश आर्य, चंद्र कुमार तारण, ज्ञानचंद अज्ञान, ऋषभ जैन बिंदास, ओपी प्रजापति, मेहताब सिंह विश्वकर्मा, वैद्यदराज निहाल सिंह पंथी, कमलेश सोनी, एडवोकेट राजेश भावसार, अनिल त्रिपाठी, गीतकार अनिल जैन, हर दिल अजीज हरफान मौला राजेश नेमा, युवा कवि हरिनारायण हरि, व्यंगकार कमलेश सोनी, डॉ.


गंजबासौदा। काव्यगोष्ठी में उपस्थित साहित्यकारगण।

राजकुमार जैन, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ. महेंद्र प्रताप मेहता, डॉक्टर आरके जैन मुख्य रुप से मौजूद रहे।
कार्यक्रम का संचालन चंद्र कुमार तारण संपादक सृजन परिदृश्य द्वारा खुले मन से गुनगुनी धूप में उमंग उल्लास आनंद के वातावरण में काव्य पाठ कर किया गया। इस अवसर पर साहित्यकार संघ द्वारा गौ रक्षक कमल ओसवाल ,किशन अग्रवाल, आनंद मोदी, पवन जैन, जितेंद्र जैन, वीरेंद्र जैन का शब्द समर्थ स्मारिका भेंटकर सम्मान किया गया।

## जिलेभर में पुलिस के उत्कृष्ट कार्यों पर आईजा ने किया एसपी का सम्मान

# रात्रि गश्त से अपराधियों में भय व वारदातों पर प्रभावी नियंत्रणः एसपी रोहित काशवानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ रिंज

ऑल इंडिया जैन जर्नलिस्ट एसोसिएशन आईजा के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट राजीव जैन सैनानी ने विदिशा पहुचकर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी का प्रतिचिन्ह भेंट कर सम्मान किया। इस अवसर पर श्री सैनानी ने बताया कि आईजा द्वारा एसपी रोहित काशवानी का सम्मान इसलिए किया गया है क्योकि उनके नेतृत्व में जिलेभर में महिलाओं की सुरक्षा के लिए चलाए जा रहे ऑपरेशन मुस्कान के तहत कई बालिकाओं व महिलाओं को सुरक्षा मिल रही है। वही पुलिस पंचायत के माध्यम से सीनियर सिटीजन नागरिको जो लाभ मिल रहा है वह वास्तव में तारिफ के लायक है। वही सिरोंज पत्रकार महासंघ के सरंक्षक तोषमणी पंथी कन्ना भाईया ने पुलिस द्वारा पूर्व में किए गए रचनात्मक कार्य व आम नागरिको में समंजझ स्थापित करने हेतु जो कार्यक्रम किए जाते थें वह पुलिस के माध्यम से पुनः प्रारंभ किए जाए। वही वरिष्ठ पत्रकार एड सुभाष बोहत ने कहा कि पुलिस पंचायत के द्वारा जो आम नागरिको व सीनियर सिटीजन को जो फायदा मिल रहा है उसके बारे में चर्चा की। वही उन्होने कहा कि आने वाले समय में आम नागरिको से भी पुलिस पंचायत में सहयोग दिया जाएगा। उन्होने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों की सुरक्षा आज समाज की एक अहम ज़रूरत है, क्योंकि बढ़ती उम्र के साथ वे शारीरिक, मानसिक और सामाजिक रूप से ज़्यादा संवेदनशील हो जाते हैं। उनकी सुरक्षा सिर्फ़ अपराध से बचाव तक ही सीमित नहीं है, बल्कि इसमें स्वास्थ्य, मानसिक शांति और सामाजिक सम्मान भी शामिल है। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी हाजी नदीव जावेद ने पुलिस की यातायात व्यवस्थाओं में सुधार को लेकर पुलिस की प्रशंसा की। साथ ही यातायात नियमो के बारे में पुलिस कप्तान से चर्चा की।

इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी ने आम नागरिको से अपील करते हुए कहा कि अपने शहर में शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। साथ ही अपने क्षेत्र में किसी भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को देने का आग्रह किया। उन्होने यह भी स्पष्ट किया कि कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होने बताया कि पुलिस द्वारा रात्रि में की जाने वाली नियमित गश्त से अपराधियों में भय बना रहता है और आपराधिक घटनाओं पर प्रभावी नियंत्रण होता है। साथ ही आम नागरिकों को यह भरोसा मिलता है कि पुलिस हर समय उनकी सुरक्षा के लिए मुस्तैद है। विशेष रूप से रात के समय होने वाली चोरी, लूट और अन्य अपराधों की रोकथाम के लिए गश्त को प्रभावी माना जा रहा है।

# सासंद डॉ वानखेड़े ने नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष को दी शुभकामनाएं

## दिल्ली पहुंचकर की मुलाकात, दीं हार्दिक बधाईयां

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिरोंज

सिरोंज-सागर लोकसभा सांसद एवं मध्य प्रदेश की प्रदेश महामंत्री डॉक्टर लता वानखेड़े ने भारतीय जनता पार्टी के नवनियुक्त राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष नितिन नवीन से भाजपा राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली पहुचकर स्नेहपूर्ण भेंट कर उन्हें हार्दिक शुभकामनाएँ दीं। इस अवसर पर सांसद डॉ लता वानखेडे ने कहा कि हमें पूर्ण विश्वास है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में भारतीय जनता पार्टी का संगठन और अधिक सुदृढ़ एवं सशक्त होगा।



## ग्राम बामौरी शाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बने सचिन शर्मा



*सिरोंज। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी द्वारा ग्राम बामौरी शाला ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष पद पर सचिन शर्मा को नियुक्त किया गया है। वही शर्मा की नियुक्ति पर उनके शुभचिंतकों ने बधाई दी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। इन्हें बधाई देने वालों में राजकुमार रघुवंशी, बृजभूषण शर्मा, नोमान खान, शिवराज सिंह, रवि रघुवंशी, नीरज गुर्जर, साबिर खान, नीरज दांगी, रवि शर्मा, वीरसिंह दांगी, रामबाबू पटेल, मोहनबाबू शर्मा, प्रेमसिंह यादव रहें।*

## शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय सागर के छात्रों ने रचा इतिहासः 14 एनसीसी कैडेट्स का भारतीय सेना में एक साथ चयन

**सागर।** स्थानीय शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय के छात्रों ने एक अभूतपूर्व उपलब्धि हासिल की है। महाविद्यालय के 14 जाँबाज़ राष्ट्रीय कैडेट कोर 11 एमपी ब्वॉयज़ बटालियन के कैडेट्स का एक साथ भारतीय सेना की 'अग्निवीर' योजना एवं पैरा मिलिट्री फोर्सेस में चयन हुआ है। इस गौरवपूर्ण उपलब्धि पर महाविद्यालय परिवार में हर्ष की लहर है। महाविद्यालय की प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता एवं 11 एमपी ब्वॉयज़ बटालियन एनसीसी के अधिकारी लेफ्टिनेंट डॉ. जयनारायण यादव के मार्गदर्शन में इन कैडेट्स ने कड़े प्रशिक्षण और अनुशासन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। चयनित कैडेट्स में भानु लोधी, शैलेश गौड, आकाश पटेल, रिंकू अहिरवार, अनुभव लोधी, सचिन सेन, गणेश पटेल, रामेश्वर अहिरवार, संजय साहू, राहुल प्रजापति, मोहित यादव, दीपक कुशवाहा एवं राकेश लोधी शामिल हैं। कैडेट्स की इस सफलता पर महाविद्यालय परिसर में एक गरिमामय सम्मान समारोह आयोजित किया गया। प्राचार्य प्रोफेसर सरोज गुप्ता ने चयनित कैडेट्स को फूल-मालाएं पहनाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि यह महाविद्यालय के लिए ऐतिहासिक क्षण है और हमारे कैडेट्स ने राष्ट्र सेवा के प्रति अपने समर्पण को साबित कर दिया है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. जयनारायण यादव ने कैडेट्स के कठोर परिश्रम की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## संपत्तिकर व जलकर की बकाया राशि जमा न करने पर नगर निगम की कार्रवाई जारी

**सागर।** नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देशानुसार बकायाकरों की वसूली को लेकर नगर निगम द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में नगर निगम की टीम ने संपत्तिकर की बकाया राशि जमा न करने पर जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पुरव्याऊ की 5 लाख रुपए, तिलकगंज स्थित किसान सहकारी शीतगृह एवं बालक भवन में संपत्तिकर की बकाया राशि जमा न करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई। नगर निगम द्वारा जनता उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, पुरव्याऊ पर लगभग 5 लाख रुपए का संपत्तिकर बकाया था। बकाया राशि की बार-बार सूचना एवं नोटिस दिए जाने के बावजूद भुगतान नहीं किए जाने पर निगम टीम द्वारा तालाबंदी की गई। कार्रवाई के दौरान संबंधित संस्था द्वारा मौके पर ही 2 लाख 50 हजार रुपए की बकाया राशि जमा कराई गई, जबकि शेष राशि शीघ्र जमा करने का आश्वासन दिया गया। तिलकगंज स्थित किसान सहकारी शीतगृह से 3 लाख 36 हजार 936 एवं बालक भवन से 2 लाख 7 हजार 722 रुपये संपत्तिकर जमा न करने पर तालाबंदी की कार्रवाई की गई। इसके अलावा अन्य बकाया दारों द्वारा संपत्तिकर की राशि सोमवार को जमा करने का आश्वासन दिया गया। नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री ने नागरिकों, शासकीय एवं अशासकीय संस्थानों से अपील करते हुए कहा है कि संपत्तिकर, जलकर, कचरा प्रबंधन शुल्क तथा दुकानों के किराये की बकाया राशि समय-सीमा में अनिवार्य रूप से जमा करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि नगर विकास कार्यों एवं नागरिक सुविधाओं के संचालन हेतु करों की वसूली आवश्यक है, इसलिए बकायादारों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

## संजय पटेरिया बने रहली कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष कार्यकर्ताओं ने गाजे-बाजे के साथ किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ रहली

मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा वरिष्ठ नेता संजय पटेरिया को रहली का नया ब्लॉक अध्यक्ष नियुक्त किए जाने के बाद क्षेत्र के कार्यकर्ताओं में भारी उत्साह देखा जा रहा है। नियुक्ति के पश्चात प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस जनों ने उनका जोरदार स्वागत किया। संजय पटेरिया के रहली पहुँचते ही चांदपुर तिराहा पर बड़ी संख्या में एकत्रित कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने पुष्प मालाओं और आतिशबाजी के साथ उनका अभिनंदन किया। यहाँ से एक विशाल स्वागत रैली प्रारंभ हुई, जो नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए गांधी चौराहे तक पहुँची। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने कांग्रेस पार्टी के समर्थन में जमकर नारेबाजी की। गांधी चौराहे पर पहुँचकर नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष संजय पटेरिया और वरिष्ठ नेताओं ने बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर, पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया। इस अवसर पर कांग्रेस की एकजुटता देखने को मिली। कार्यक्रम में मुख्य रूप से सौरभ हजारी (पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष), ज्योति पटेल (कांग्रेस नेत्री), रत्नेश पटेल (पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष), दीपक जैन (नगर अध्यक्ष), एडवोकेट मनोरथ वर्ग, बीड़ी पटेल के साथ ही बड़ी संख्या में ब्लॉक एवं नगर कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी और निष्ठावान कार्यकर्ता मौजूद रहे। नवनियुक्त अध्यक्ष संजय पटेरिया ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे संगठन को मजबूती देने और जनहित के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे।

## मकरोनिया से बहरिया चौराहे तक शराबी ट्रक चालक का तांडव, कई वाहन क्षतिग्रस्त

**सागर।** शराब के नशे में धुत एक ट्रक चालक ने मकरोनिया चौराहे से बहरिया चौराहे तक जमकर उत्पात मचाया। तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाते हुए चालक ने रास्ते में कई लोगों को डराया और अनेक वाहनों को टक्कर मार दी, जिससे अफरा-तफरी मच गई। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ट्रक चालक ने नियंत्रण खोते हुए दोपहिया और चारपहिया वाहनों को निशाना बनाया। कुछ लोगों को मामूली चोटें आईं, जबकि कई वाहन क्षतिग्रस्त हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और ट्रक को रोककर चालक को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में चालक के नशे में होने की पुष्टि की है। उसके खिलाफ मोटर व्हीकल एक्ट सहित संबंधित धाराओं में मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस घटना में घायल लोगों का मेडिकल परीक्षण करा रही है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

## सप्ताह में एक दिन लगेगा प्राकृतिक/ जैविक हाट बाजार

**सागर।** उपसंचालक कृषि सागर के निर्देशन में इस हाट बाजार की तैयारी कृषि विभाग ने विगत माह से ही प्रारंभ कर दी थी जिसमें सर्वप्रथम क्षेत्र में प्राकृतिक /जैविक खेती करने वाले किसानों का चयन किया गया। तत्पश्चात विभाग की टीम ने खेतों पर जाकर सत्यापन कर चयनित किसानों को प्राकृतिक/ जैविक हाट में खाद्य उत्पाद विक्रय के लिए आमंत्रित किया ।सभी विक्रेता किसानों को विभाग द्वारा पहचान पत्र जारी किए गए हैं। जैविक/प्राकृतिक खेती में किसी भी प्रकार के रसायन का प्रयोग नहीं किया जाता है बल्कि गोबर की खाद, वर्मी कंपोस्ट, मटका खाद या प्राकृतिक रूप से बनाए जाने वाले उत्पाद हैं।

# वीडिया बनाने पर धमकाने लगा शिक्षक कैमरे में कैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्यारसपुर

शिक्षा व्यवस्था को शर्मसार करने वाला मामला ग्यारसपुर विकासखंड की एकीकृत शाला मानोरा से सामने आया है। स्कूल में व्याप्त गंभीर अव्यवस्थाओं को उजागर करने पहुँचे पत्रकारों को एक शिक्षक द्वारा सरेआम धमकाने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वीडियो सामने आने के बाद जिलेभर में आक्रोश का माहौल है और शिक्षा विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो गए हैं। जानकारी के अनुसार एकीकृत शाला मानोरा में लंबे समय से अनियमितताओं की शिकायतें मिल रही थीं। इन्हीं शिकायतों की पड़ताल के लिए जब पत्रकार स्कूल पहुंचे, तो बच्चों के लिए रखी गई पीने के पानी की टंकियों में गंदा और बदबूदार पानी पाया गया। हैरानी की बात यह है कि मासूम बच्चे इसी दूषित पानी को पीने के लिए मजबूर हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर गंभीर खतरा मंडरा रहा है। पत्रकार जब स्कूल की वास्तविक स्थिति का वीडियो बना रहे थे, तभी वहां पदस्थ शिक्षक मोहन शर्मा आपा खो बैठे। सुधार की पहल करने के बजाय उन्होंने पत्रकारों को धमकाना शुरू कर दिया। वायरल वीडियो में शिक्षक यह कहते हुए नजर आ रहे हैं कि बिना मुझसे पूछे स्कूल का वीडियो कैसे बनाया, मैं तुम पर एफआईआर दर्ज कराऊंगा।

स्कूल में गंदे पानी की आपूर्ति बच्चों के स्वास्थ्य के साथ बड़ा खिलवाड़ है। यदि किसी छात्र को जलजनित बीमारी होती है, तो इसकी जिम्मेदारी तय करना प्रशासन के लिए चुनौती बन सकता है। मामले को लेकर स्थानीय नागरिकों और पत्रकार संगठनों ने जिला शिक्षा अधिकारी और कलेक्टर से दोषी शिक्षक पर सख्त कार्रवाई तथा स्कूल की व्यवस्थाएं तत्काल सुधारने की मांग की है। इस संबंध में बीआरसी ज्ञान सिंह अहिरवार ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच कर संबंधित शिक्षक के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

## 3 छात्रों को मिली प्रोत्साहन राशि

**विदिशा।** जिले में शिक्षा के क्षेत्र में एक प्रेरणादायक उपलब्धि सामने आई है। अनुसूचित जाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित महर्षि वाल्मीकि प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत शैक्षणिक सत्र 2024-25 में नीट परीक्षा के माध्यम से मेडिकल कॉलेज में एमबीबीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। योजना के अंतर्गत दो छात्र गगन अहिरावर, हिमांशु पंथी एवं एक छात्रा मुस्कान अहिरवार को 25-25 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई।

# संगीतमयी रामकथा में धूमधाम से मना श्रीराम जन्मोत्सव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शमशाबाद

सामाजिक संस्था युवा मंच के तत्वावधान में आयोजित नौ दिवसीय संगीतमयी रामकथा के अंतर्गत श्रीराम जन्मोत्सव श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के वातावरण में संपन्न हुआ।

कथा स्थल पर भक्तों की भारी उपस्थिति रही और पूरा पंडाल जय श्रीराम के गगनभेदी जयकारों से गुंजायमान हो उठा। कथा वाचक पंडित अनिल शर्मा ने श्रीराम के जन्म प्रसंग का अत्यंत भावपूर्ण एवं विस्तार से वर्णन किया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम का अवतार अधर्म के विनाश और धर्म की स्थापना के लिए हुआ। पंडित शर्मा ने श्रीराम के जीवन से जुड़े आदर्शों सत्य, मर्यादा, त्याग, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन आज के समाज के लिए भी उतना ही प्रासंगिक है। संगीतमयी रामकथा के दौरान भजनों और संकीर्तन ने श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। उपस्थित भक्तगण कथा श्रवण कर आत्मिक आनंद से अभिभूत नजर आए। आयोजन को सफल बनाने में युवा मंच के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



## सीएमएचओ ने किया स्वास्थ्य केंद्रों का निरीक्षण

**विदिशा।** सीएमएचओ डॉ. रामहित कुमार ने ग्यारसपुर विकासखंड के स्वास्थ्य संस्थानों का औचक निरीक्षण किया। उपस्वास्थ्य केन्द्र अटारीखेजड़ा में एएनएम और एमपीडब्ल्यू. अनुपस्थित पाए गए, जबकि मानोरा व खिरियाजागीर में कर्मचारी उपस्थित थे। खामाबाबा संजीवनी क्लीनिक में सभी कर्मचारी मौजूद थे, लेकिन आवश्यक सामग्री की कमी थी, जिसे जल्द पूरा करने के निर्देश दिए गए। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ग्यारसपुर में केवल एक चिकित्सक मौजूद था, अन्य चिकित्सक एवं स्टाफ अनुपस्थित थे। ओपीडी में अव्यवस्था और मरीजों को बेहतर सेवा न मिल पाने की स्थिति पाई गई। भर्ती मरीजों के भोजन की गुणवत्ता जांची गई और शासन की गाइडलाइन के अनुसार सुधार हेतु निर्देश दिए गए। अनुपस्थित कर्मचारियों को कारण बताओ नोटिस जारी कर वेतन काटने की कार्रवाई करने का आदेश दिया गया। डॉ. रामहित ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

## जफर शेख दूसरी बार शहर कांग्रेस अध्यक्ष बने



**कुरवाई।** प्रदेश कांग्रेस प्रभारी हरीश चौधरी के अनुमोदन और मध्य प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी के निर्देश पर मोहम्मद जफर शेख को दूसरी बार कुरवाई शहर कांग्रेस अध्यक्ष बनाया गया है। वहीं उमेश रानू तिवारी को कुरवाई ग्रामीण ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। जफर शेख लंबे समय से सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता हैं और उनकी जमीन से जुड़ी नेतृत्व क्षमता पार्टी के लिए सहारा बनी है। पार्टी नेतृत्व को उनसे संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने की उम्मीद है। जिला प्रभारी प्रभु सिंह ठाकुर और जिला अध्यक्ष मोहित सिंह रघुवंशी ने भी इन नियुक्तियों में अहम भूमिका निभाई। नवनियुक्त अध्यक्षों ने पार्टी के प्रति आभार व्यक्त किया और संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत करने तथा कांग्रेस नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

## रक्तदान शिविर में 60 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ

**शमशाबाद।** लायंस क्लब शमशाबाद के तत्वावधान में नगर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर के दौरान कुल 60 यूनिट रक्त एकत्रित किया गया, जो ज़रूरतमंदों के जीवनरक्षक सिद्ध होगा। कार्यक्रम की विशेष बात यह रही कि नगर परिषद अध्यक्ष भारती प्रदीप माहेश्वरी ने स्वयं रक्तदान कर जनप्रतिनिधि होने के नाते समाज को प्रेरणा दी। उन्होंने उपस्थित नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को समय-समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। लायंस क्लब शमशाबाद द्वारा रक्तदान करने वाले सभी दानदाताओं को प्रमाणपत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## जैविक, प्राकृतिक कृषि उत्पाद विक्रय केंद्र का शुभारंभ हुआ

# प्राकृतिक खेती से उत्पन्न उत्पादों से बनाएं सेहत

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

जिले में जैविक एवं प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए जिला प्रशासन तथा कृषि विभाग द्वारा जैविक, प्राकृतिक कृषि उत्पाद विक्रय केन्द्र का शुभारंभ किया गया। गायत्री मंदिर के सामने स्थित आजीविका परिसर, सिविल लाइन विदिशा में आयोजित कार्यक्रम में अपर कलेक्टर अनिल कुमार डामोर एवं कृषि स्थायी समिति के सभापति अन्नू धनराज सिंह दांगी ने फीता काटकर केन्द्र का उद्घाटन किया। इस विक्रय केन्द्र में जिले एवं आसपास के क्षेत्रों के किसानों द्वारा उत्पादित शुद्ध जैविक एवं प्राकृतिक उत्पाद प्रतिदिन विक्रय हेतु उपलब्ध कराए जाएंगे। इनमें जैविक फल आम, अमरूद, केला, आंवला; जैविक सब्जियां आलू, टमाटर, लहसुन, प्याज, गिलकी, गोभी, बैंगन, करेला, पालक, मेथी, कच्ची हल्दी, गाजर, मूली सहित जैविक अनाज गेहूं, चावल, मूंग, मसूर आदि शामिल हैं। विक्रय केन्द्र का संचालन आजीविका मिशन से जुड़े कृषक एवं विक्रेता द्वारका कुशवाह द्वारा किया जा रहा है, जबकि विक्रय स्थल ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा उपलब्ध कराया गया है। उद्घाटन अवसर पर ग्राम काचरोद के राजेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा जैविक गेहूं, गमाकर के भूपेन्द्र सिंह रघुवंशी द्वारा जैविक मूंग, कृषक सखी रामप्यारी दीदी द्वारा प्राकृतिक सब्जियां, प्रगतिशील कृषक थानसिंह यादव द्वारा अमरूद तथा परहते ऑर्गेनिक संस्था द्वारा विभिन्न कच्ची घानी के तेल विक्रय हेतु लाए गए। साथ ही दयोदय विद्यासागर गौसंवर्धन केन्द्र द्वारा प्रस्तुत गिलकी, हल्दी, केला, गोबर से निर्मित दीये, सजावटी सामग्री, जैविक कीटनाशक एवं भूसुधारक उत्पादों को लोगों ने खूब सराहा और खरीदा। कार्यक्रम में उपसंचालक कृषि केएस खपेड़िया, जिला प्रबंधक एसआरएलएम संजय चौरसिया, जनसंपर्क अधिकारी वीडी अहिरवाल, सहायक संचालक उद्यानिकी श्री सोलंकी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। उद्घाटन के बाद उपसंचालक कृषि ने आमजन से जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के उपयोग की अपील करते हुए बताया कि ये उत्पाद रसायन मुक्त, स्वास्थ्यवर्धक एवं रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने वाले होते हैं।



## कॉलेज परिसर को किया प्लास्टिक मुक्त

**विदिशा।** गर्ल्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं द्वारा स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय परिसर एवं खेल मैदान की सफाई कर प्लास्टिक कचरे को एकत्रित किया तथा परिसर को प्लास्टिक मुक्त बनाने का संदेश दिया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. बीडी अहिरवार के मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। प्राचार्य डॉ. अहिरवार ने छात्राओं को स्वच्छता ही सेवा है के नारे से प्रेरित करते हुए कहा कि स्वच्छ वातावरण स्वस्थ समाज की आधारशिला है और युवाओं की इसमें महत्वपूर्ण भूमिका है। अभियान का नेतृत्व एनएसएस स्वयंसेविका रोशनी यादव द्वारा किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं समन्वय एनएसएस अधिकारी डॉ. शांता अहिरवार के निर्देशन में संपन्न हुआ।

## कृषि प्रदर्शनी 20 को

**विदिशा।** स्व सहायता समूह का प्रोत्साहन कार्यक्रम एवं कृषि प्रदर्शनी का आयोजन विवेकानंद चौराह स्थित पंजाब नेशनल बैंक कृषक प्रशिक्षण केंद्र में 20 दिसंबर को आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा प्रदर्शनी स्टाल लगाए जाएंगे, जिससे स्व सहायता समूह की महिलाएं व कृषक लाभान्वित होंगे।

For Sale
KIA MOTORS
SONET PETROL
Model-2023
R.C. No.
MP-40-ZD-2631
Engine No.
G4LFV316517
Chassis no.
MZBFB812LPN352873
Contact -Sundaram Finance Ltd.
M : 9425602847
7880190815

जाहिर सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार Jana Small Finance Bank Ltd., भोपाल कार्यालय–प्लाट नं. 131/1, भूतल एम. पी. नगर, जोन–2, भोपाल–462011 (म.प्र.) द्वारा श्रीमती प्रेमबाई कुशवाह पत्नी श्री इमरत सिंह कुशवाह की सम्पत्ति प्लाट, क्षेत्रफल 570 वर्गफिट, जो कि भूमि खसरा नं. 453/4/1/1/1/1/1 रकबा 2.1768 हेक्टेयर का भाग है तथा जो कि शेरपुरा मुनजप्ता, प.ह.नं. 61, नया 03, सम्राट अशोक वार्ड के पीछे, हलाली कॉलोनी के पीछे, वार्ड नं. 34, सम्पदा मैपिंग अनुसार वार्ड नं. 35, तहसील एवं जिला विदिशा (म.प्र.) में स्थित है, जिसकी चतुर्थ सीमायें पूर्व में–कन्हैयालाल की भूमि, पश्चिम में–20 फिट चौड़ा रोड, उत्तर में–रायकवार जी का प्लाट, दक्षिण में–पोथीराम जी का प्लाट है को सम्यक बंधक करके ऋण प्रदान किया जाना प्रस्तावित है। उक्त सम्पत्ति संबंधी पूर्व स्वामी श्री शिवराज अहिरवार के नाम का चैन डाक्यूमेण्ट मूल रजिस्टर्ड विक्रय पत्र ई पंजीयन नं. MP452732018A1716919 दिनांक 25.10.2018 कहीं गुम हो गया है, यदि उक्त सम्पत्ति को सम्यक बंधक करने में सर्वसाधारण, किसी शासकीय, अशासकीय, किसी बैंक या वित्तीय संस्था आदि को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो या किसी प्रकार का कोई लेना–देना निकलता हो, उनके पक्ष में ऊपरवर्णित सम्पत्ति विक्रय, बंधक, सम्यक् बंधक, दान या किसी प्रकार से हस्तांतरण आदि की गयी हो या उससे संबंधित विवाद किसी भी न्यायालय में विचाराधीन हो तो वह इस सूचना प्रकाशन दिनांक से 07 (सात) दिन के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे निम्नलिखित पते पर प्रस्तुत कर दें, समयावधि में कोई आपत्ति नहीं आने पर मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति को सम्यक बंधक करके उक्त ऋण सुविधा प्रदान कर देंगे तथा भविष्य में कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी अधिवक्ता
फ्लैट नं. सी-106, प्रथम तल, चन्दन ब्लाक, चिनार रिट्रीट, जीवन मोटर्स के पीछे, अरेरा हिल्स भोपाल
मो. 9827223510, 7987467025

## समूहों को यदि समय पर राशि नहीं मिली तो लग जाएंगे रसोई घर में ताले

# डेढ़ लाख स्कूली बच्चों के समक्ष मध्याह्न भोजन का संकट, तीसरा माह खत्म, नहीं मिली राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सरकारी स्कूलों की व्यवस्था के प्रति शासन प्रशासन इतना गंभीर है कि इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि तीसरा महीना खत्म होने वाला है , लेकिन सरकारी प्राइमरी मिडिल स्कूलो में संचालित मध्यान भोजन योजना की 1 रुपए भी राशि जारी नहीं हुई है। इसके चलते जिले भर के सरकारी स्कूलों में लगभग डेढ़ लाख से भी ज्यादा स्कूली बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन का संकट खड़ा हो जाएगा।

बताया जा रहा है कि मध्यान्ह भोजन योजना की वितरण व्यवस्था सरकारी स्कूलों में सिर्फ नाम के लिए चल रहा है। इस दिशा में कोई भी वरिष्ठ अधिकारी गंभीर नजर नहीं आ रहा है। उल्लेखनीय है कि इस व्यवस्था में सरकारी स्कूलों में महिला स्व सहायता समूहों के माध्यम से बनाई जाती हैं, जिन्हें उच्च स्तर पर राशि जारी होती है। लेकिन शासन के जिम्मेदार अधिकारियों की लापरवाही के चलते तीन महीनों के बीत जाने के बावजूद महिला स्व सहायता समूहों को एक रुपए की भी राशि जारी नहीं की गई है। यह बड़े शर्म की बात है। सरकारी स्कूलों का बेर्डे मील की योजना कैसी चल रही होगी इसका अंदाजा आप सहज ही लगा सकते हैं।

**राशि जारी नहीं होने से सरकारी स्कूलों में लगभग डेढ़ लाख से भी ज्यादा बच्चों के लिए मध्यान्ह भोजन का संकट खड़ा हो जाएगा।**

### फैक्ट फाइल

- जिले में शासकीय प्राइमरी स्कूलों की संख्या– 1330
- शासकीय मिडिल स्कूलों की संख्या– 555
- करीब डेढ़ लाख बच्चों को मिल रहा मिड डे मील
- जिले में महिला स्व सहायता समूहों की संख्या – 1700



### सरकारी स्कूलों में डे बाय डे मिलने वाला मध्यान्ह भोजन का मेन्यू

- सोमवार : रोटी के साथ तुअर या अरहर की पकी हुई दाल का काबुली चने व मटर की सब्जी।
- मंगलवार : पूड़ी के साथ हलवा व आलू टमाटर की सब्जी।
- बुधवार : रोटी के साथ चने की दाल और मिक्स सब्जी।
- गुरुवार : वेजीटेबल पुलाव और पकौड़े वाली कढ़ी।
- शुक्रवार : रोटी के साथ मूंग दालऔर हरि सब्जी।
- शनिवार : पराठे के साथ मिक्स दालऔर हरी सब्जी सलाद।

### जिम्मेदारों की लापरवाही भुगत रहे बच्चे

नियम अनुसार मध्यान्ह भोजन के लिए हर महीने की 10 तारीख तक राशि जारी होना चाहिए। वैसे तो एडवांस राशि का प्रावधान है, लेकिन एडवांस राशि मिलना तो दूर की बात अब दो से तीन महीने तक राशि पेंडिंग रहती है। इसका खामियाजा स्कूली बच्चों को भुगतना पड़ता है। सूत्रों ने बताया कि यह अव्यवस्था रायसेन ही नहीं बल्कि पूरे प्रदेश की है। राशि नहीं मिलने पर क्या व्यवस्था होगी इसका आप अनुमान लगा सकते हैं।

### ग्रामीणों ने कहा - बच्चों को मिल रही जली और अधपकी रोटियां, दाल भी मिल रही पानी जैसी

**की जाएगी कार्रवाई**

आपके द्वारा मध्यान्ह भोजन वितरण में गड़बड़ी का मामला संज्ञान में आया है। शीघ्र ही औचक निरीक्षण करेगें, जिन स्कूलों में मध्यान्ह भोजन में लापरवाही मिलती है वहां कार्रवाई की जाएगी।

- अयोध्या प्रसाद शर्मा, बीआरसी सांची

**की जाएगी कार्रवाई**

स्व सहायता समूहों को जल्द राशि मिले इसके लिए हमने वरिष्ठ अधिकारियों को पत्राचार किया है। जल्द ही समूह संचालकों को राशि का भुगतान करवा दिया जाएगा।

- भुवन सिंह मौर्य, एमडीएम प्रभारी रायसेन।

### राशि पूरी, फिर भी बच्चों को नहीं मिल रहा भरपेट भोजन

स्कूली बच्चों पौष्टिक व गुणवत्तायुक्त मध्यान्ह भोजन देने के लिए समूह संचालकों को पर्याप्त राशि जारी होने के बावजूद भी लापरवाही बरती जा रही है। ग्रामीणों का कहना है कि बीआरसी सांची के सभी संकुल केंद्रों के सरकारी प्राथमिक व मिडिल स्कूलों में एमडीएम वितरण के नाम पर केवल खानापूर्ति हो रही है। सब्जी कम खर्च हो इसलिए समूह संचालक सब्जी में तेज मिर्च डाल रहे हैं। साथ ही दाल भी पानी जैसी देते हैं। इसके अलावा रोटियां भी जली हुईं मिल रही हैं। इसकी शिकायत के बाद भी जिम्मेदारकोई ध्यान नहीं दे रहे हैं।

गौरतलब है प्राइमरी स्कूल में प्रत्येक छात्र पर 4.13 रूपए और 100 ग्राम खाद्यान्न और मिडिल स्कूल में 6.18 रूपए और 150 ग्राम खाद्यान्न प्रति छात्र की दर से हर दिन समूह को दिया जाता है। साथ में रसोईयों को एक हजार रूपए मानदेय अलग से शासन दे रहा है। लापरवाही का आलम यह है कि स्व सहायता समूह द्वारा विद्यार्थियों के हक पर खुल कर डाका डालने का काम लंबे समय से जारी है। विद्यार्थिंयों ने मध्यान्ह भोजन से तौबा कर ली है।

# सिविल न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार ने हटाया अतिक्रमण

## कब्जे के कारण यातायात में आ रही थी बाधा



**पीड़ित पक्ष द्वारा सीएम हेल्पलाइन पर भी की गई थी शिकायत**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

कब्रिस्तान नवीन टॉकीज चौराहे के पास नीलम वर्मा पत्नी स्व. प्रदीप वर्मा की भूमि पर अवैध कब्जा संबंधी प्रकरण न्यायालय में चल रहा था। सिविल न्यायालय के आदेश पर बुधवार को तहसीलदार रामजीलाल वर्मा द्वारा पक्षकार को कब्जा दिलाने की कार्रवाई की गई। कब्जा मिलते ही वर्मा परिवार द्वारा पक्के अवैध कब्जा अतिक्रमण को जेसीबी मशीन से गिराने के दौरान भारी भीड़ का नजारा बना रहा।

जहां अवैध कब्जा न्यायालय के आदेश से हटाया गया वहां जूता बेचने की दुकान संचालित हो रही थी। उसके बगल में भी सामान रखकर अतिक्रमण किया गया जिसकी पीड़ित पक्ष वर्मा द्वारा बार-बार सीएम हेल्पलाइन पर शिकायत की जाती रही। अतिक्रमण की आड़ में वसूली और चौराहे पर अतिक्रमण से यातायात में बाधा की स्थिति बनती है न्यायालय में प्रकरण होने का कहकर अतिक्रमण न हटाना व्यापक चर्चाओं का विषय बना हुआ है ।

### अवैध कब्जा हटाया

सिविल न्यायालय के आदेश पर तहसीलदार वर्मा द्वारा पुलिस के सहयोग से वर्मा परिवार को उनके स्वामित्व वाली भूमि पर कब्जा देने की कार्रवाई की गई कब्जा मिलते ही वर्मा परिवार द्वारा जेसीबी मशीन की मदद से अवैध पक्का कब्ज तोडने की कार्रवाई की गई कब्जा हटाते टूटते समय सैकड़ो लोगों की उपस्थिति बनी रही। अभी भी अन्य स्थान पर किया कब्जा अतिक्रमण हटाने का मामला लंबित बना है।

**इनका कहना है**

न्यायालय के आदेश से पक्षकार वर्मा को कब्जा देने की कार्रवाई की गई।

- रामजीलाल वर्मा, तहसीलदार बरेली

# एसपी के निर्देश पुलिस कर रही क्षेत्र में लगातार गश्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

एसपी आशुतोष गुप्ता के निर्देश पर पुलिस टीम लगातार दीवानगंज क्षेत्र में लगातार शाम को गांव में भ्रमण कर रही है। ताकि गांव के ग्रामीण भय मुक्त होकर सुख शांति से रहे।

दीवानगंज पुलिस चौकी प्रभारी सुनील शर्मा और उनकी टीम ने जमुनिया गांव में देर शाम भ्रमण कर दुकानदारों और ग्रामीणों से चर्चा कर क्षेत्र में शांति और सतर्कता बनाए रखने की अपील की। लोगों को असामाजिक गतिविधियों की जानकारी तुरंत चौकी में देने की सलाह दी। आगे कह कि मोबाइल पर कोई ओटीपी आती है तो किसी को भी ना दी जाए।

# इंस्टाग्राम पर शुरू हुआ प्यार, दोनों ने मंदिर में रचाई शादी

**दो महीने पहले फोटो लाइक करने से शुरू हुई थी दोनों में बाचचीत**



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

सोशल मीडिया के दौर में रिश्तों की कहानियां भी अब मोबाइल स्क्रीन से निकलकर मंदिर की चौखट तक पहुंच रही हैं। रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के बरजोरपुर निवासी जसवंत मीणा और बैतूल हाल निवासी इटारसी की सरिता धुर्वे की प्रेम कहानी इसकी ताजा मिसाल बनी है।

बताया जा रहा है कि करीब दो महीने पहले इंस्टाग्राम पर एक फोटो को लाइक करने से शुरू हुई बातचीत धीरे-धीरे दोस्ती और फिर प्यार में बदल गई। बातचीत बढ़ी तो दोनों ने साथ जीने-मरने का फैसला भी कर लिया। इसी फैसले के तहत सरिता इटारसी से बस में बैठकर सीधे अपने प्रेमी जसवंत के घर बरजोरपुर पहुंच गई।

गांव में यह शादी चर्चा का विषय बनी हुई है। लोग इसे सोशल मीडिया के बदलते दौर की एक दिलचस्प कहानी बता रहे हैं, जहां इंस्टाग्राम पर हुई पहचान ने मंदिर में विवाह का रूप ले लिया। अब यह रिश्ता जीवनभर के साथ में बदल चुका है।

### प्रेमिका ने इटारसी से 150 किमी की दूरी तय कर पहुंची रायसेन के नरखेड़ा गांव

### प्रेमी ने भी सहजता से स्वीकार कर लिए सात फेरे



### परिवार की आपसी सहमति से सात जन्मों के बंधन में बंधे

मामला गांव तक पहुंचा तो युवक जसवंत ने पूरी बात ग्राम सरपंच नरेश चौधरी को बताई। सरपंच नरेश चौधरी ने समझदारी दिखाते हुए जसवंत के परिवार से बातचीत की और युवक के परिजनों को भी राजी किया। आपसी सहमति बनने के बाद नरखेड़ा मंदिर में सादगीपूर्ण विवाह संपन्न कराया। मंदिर परिसर में सरपंच नरेश चौधरी, जसवंत के जीजा सहित अन्य रिश्तेदारों की मौजूदगी में जसवंत ने सरिता की मांग भरी और एक-दूसरे को वरमाला पहनाकर साथ निभाने की कसमें खाईं।

# कलेक्टर ने बेगमगंज में पीएमश्री स्कूल और एसडीएम कार्यालय का किया निरीक्षण

**रायसेन।** गुरुवार को कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा द्वारा बेगमगंज में पीएमश्री शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल का निरीक्षण किया। उन्होंने विद्यालय के प्राचार्य तथा शिक्षकों से छात्राओं की संख्या और शैक्षणिक कार्य प्रगति की जानकारी लेते हुए परीक्षा परिणाम में वृद्धि निर्देश दिए। कलेक्टर ने कक्षाओं के निरीक्षण के दौरान छात्राओं से भी संवाद कर शैक्षणिक जानकारी लेते हुए उन्हें पढाई पर ध्यान केन्द्रित करने हेतु टिप्स भी दिए।

कलेक्टर ने बेगमगंज में एसडीएम कार्यालय का भी निरीक्षण कर राजस्व प्रकरणों के निराकरण की जानकारी ली गई। उन्होंने निराकृत प्रकरणों तथा लंबित प्रकरणों की फाईलों का बरीकी से अवलोकन किया।

# करणी सेना परिवार की बैठक में बनी रणनीति, 21 को हरदा चलने आव्हान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के कठिया मंदिर परिसर करणी सेना परिवार की बैठक आयोजित की गई। जिसमें 21 दिसंबर को हरदा में आयोजित होने जा रहे कार्यक्रम को लेकर चर्चा की जाकर रणनीति बनाई गई। 21 दिसंबर को जनक्रांति न्याय आंदोलन हरदा के आमंत्रण एवं जनसंपर्क के उद्देश्य को लेकर बैठक का आयोजन किया गया है।

बैठक प्रदेश उपाध्यक्ष चेतन सिंह राजपूत, जिला अध्यक्ष कुअंर सचिन सिंह राजपूत की उपस्थिति में संपन्न हुई। बैठक में बताया कि पुलिस विभाग द्वारा आंदोलन करने वालों के खिलाफ जो लाठीचार्ज किया गया और छात्रावास में घुसकर बच्चियों के साथ मारपीट की गई सहित 21 सूत्रीय मांगों को लेकर करनी सेना टीम जीवन सिंह शेरपुर द्वारा 21 दिसंबर को जो आंदोलन किया जा रहा है उसमें सर्व समाज को आमंत्रण दिया गया।



बैठक में जिला के कार्यकारिणी तथा राजकुमार सिंह सिकरवार, अंकित सिंह राजपूत, शिब्बू दादा, करणी सेना परिवार तहसील अध्यक्ष मन्नू सिंह राजपूत, नगर अध्यक्ष प्रियांश सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष महेंद्र सिंह राजपूत, तहसील उपाध्यक्ष राजा राजपूत, मीडिया प्रभारी नरेश प्रताप सिंह राजपूत, उपाध्यक्ष सत्यम सिंह राजपूत, रितिक सिंह राजपूत, अर्जुन राजपूत, रवि गुप्ता, पुरन कुशवाहा, शुभम विश्वकर्मा, हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष रानू सोनी, रघुवीर साहू, राहुल नामदेव, गजेंद्र गुप्ता, राघवेन्द्र कुशवाहा, मोहित रघुवंशी सहित बड़ी संख्या में सर्व समाज बंधु उपस्थित रहे।

# अपडाउनर अधिकारी और कर्मचारियों की वजह से हो रहा नगर का विकास अवरुद्ध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गैरतगंज

नगर परिषद गैरतगंज में पदस्थ अधिकारी कर्मचारी अप डाउन करते हैं, इससे नगर का विकास प्रभावित हो रहा है। नागरिकों ने इस अपडाउन व्यवस्था पर रोक लगाने की मांग एसडीम सरोज अग्निवंशी से की है। गैरतगंज नगर परिषद का गठन हुआ है, तभी से लेकर आज तक नप सीएमओ से लेकर बाबुओं और कर्मचारियों का अप डाउन थमने का नाम नहीं ले रहा है।

जिससे नगर परिषद गैरतगंज में कामकाज कराने आने वाले लोगों को बेवजह घंटों परेशान होना पड़ रहा है। स्वयं सीएमओ सुधीर कुमार उपाध्याय अपडाउन करते हैं तो छोटे कर्मचारियों पर कैसे अंकुश लगाया जा सकता है।




हालांकि गैरतगंज के रहवासी विकास के लिए इंतजार में है। लेकिन अधिकारियों और कर्मचारियों की मनमानी की वजह से जो विकास होना चाहिए था वह अभी तक नहीं हुआ है। इसी तरह जनपद पंचायत गैरतगंज, खंड महिला बाल विकास विभाग, उप पंजीयक कार्यालय आदि में भी अपडाउन अधिकारी कर्मचारी कर रहे हैं। जिससे जरूरी काम कराने वाले लोग इधर-उधर भटकते रहते हैं, समय पर उनका काम नहीं निपट पाता। नगर में चल रही ट्रिपल इंजन की सरकार के बावजूद भी विकास थम गया है। बताया जाता है कि यह अधिकारी कर्मचारी भोपाल विदिशा रायसेन सीहोर सागर आदि जगहों से और डाउन करते हैं।

**इनका कहना है**

मैं अपडाउनरों की जांच करवाऊंगी। किस विभाग में कौन-कौन से अधिकारी कर्मचारी गैरतगंज तहसील मुख्यालय से अपडाउन कर रहे हैं। इसके बाद उनके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

- सरोज अग्निवंशी, एसडीएम गैरतगंज

# कड़ाके की ठंड में किसान खेतों में कर रहे पलेवा

### किसानों ने कहा - यदि समय पर पलेवा नहीं किया तो फिर फसलों की बुआई प्रभावित हो सकती है

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

क्षेत्र के अंबाडी, सेमरा, नरखेड़ा, जमुनिया, निनोद, बरजोरपुर, सरार, कयामपुर, संग्रामपुर, करैया सहित आसपास के क्षेत्रों में इन दिनों कड़ाके की ठंड का प्रकोप जारी है। न्यूनतम तापमान लगातार गिरने से जनजीवन प्रभावित हो रहा है, लेकिन इसके बावजूद किसान अपने खेतों में पलेवा करने में जुटे हुए हैं। ठंड और सुबह की ठिठुरन के बीच किसान समय पर बोनी करने के लिए सिंचाई कार्य कर रहे हैं।



किसानों का कहना है कि यदि समय पर पलेवा नहीं किया गया तो फसलों की बुआई प्रभावित हो सकती है, जिससे आगे चलकर उत्पादन पर असर पड़ेगा। ठंड के बावजूद खेतों में मेहनत कर रहे किसानों का यह जज्बा उनकी लगन और कृषि के प्रति समर्पण को दर्शाता है। ग्रामीण क्षेत्रों में सुबह-शाम घना कोहरा और शीतलहर का असर बना हुआ है, फिर भी किसान खेतों में पहुंचकर आवश्यक कार्यों को अंजाम दे रहे हैं। ताकि समय पर हो सके बोनी।

## भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आज हवन भंडारे के साथ समापन

# महारास आत्मा परमात्मा का मिलन : राजेश शास्त्री

### दूल्हा बने भगवान श्री कृष्ण और रुक्मणी बनी दुल्हन हुई, पांव पखरई एवं वरमाला की हुई रश्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

पटवा चंदेल परिवार के द्वारा मानस सत्संग भवन में सात दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा के छठवें दिन भगवान गिरिराज की महिमा गोपियों का महारास गोपी विरह कंस वध के साथ द्वारकाधीश बने श्री कृष्ण एवं रुक्मणी विवाह के कथा प्रसंग का कथा व्यास पंडित राजेश रावत शास्त्री द्वारा विस्तार से वर्णन किया गया। कथा में गोपियों संग श्री कृष्ण के महारास को आत्मा का परमात्मा से मिलान बदलाते हुए कहा कि ईश्वर का सच्चे मन से स्मरण करने पर वह प्रकट भी होते हैं और सहायता भी करते हैं।

**कंस वध व श्रीकृष्ण रुक्मणी विवाह की हुई कथा**



अनेक कथा प्रसंग का समय अभाव के कारण संक्षेप में एवं कंस के बध और श्री कृष्ण रुक्मणी विवाह का कथा व्यास पंडित रावत ने विस्तार से वर्णन किया।दूल्हा बने भगवान श्री कृष्ण एवं रुक्मणी जी सजीव रूप में दुल्हन बन मंच पर आई जहां वरमाला एवं पांव पखरई की विवाह रस्मों को उपस्थित नर नारियों द्वारा निभाया गया विवाह के मंगल गीतों पर श्रद्धालु भाव विभोर होकर नाचने झूमते रहे नगर पंचायत के उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेंद्र मालवीय, वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ ,अवनीश पालीवाल ,भगवान दास राठी, अवध नारायण सक्सेना, राधा मोहन व्यास, भरत शर्मा एवं अन्य का कथा आयोजन पटवा चंदेल परिवार द्वारा स्वागत सम्मान किया गया कथा श्रवण हेतु श्रद्धालु नर नारियों की भारी उपस्थिति रही

### आज हवन भंडारे के साथ कथा का होगा समापन

13 दिसंबर को भव्य कलश शोभा यात्रा के साथ सात दिवसीय कथा ज्ञान यज्ञ की शुरुआत हुई थी। आज 19 दिसंबर शुक्रवार को प्रातः 10 से 1 बजे तक कथा होगी उसके बाद हवन भंडारे के साथ सात दिवसीय कथा का समापन होगा। पटवा चंदेल परिवार सहित संगठनों ने अधिकाधिक संख्या में पधारने की अपील की है।

## हरिभूमि की खबर के बाद प्रशासन ने दिया ध्यान

# नायब तहसीलदार सिंह का तबादला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

ग्यारसाबाद की बुजुर्ग किसान सीताबाई एवं हरनाम सिंह यादव की जमीन से दबंगों द्वारा अतिक्रमण हटाने के मामले में लापरवाही बरतने पर कलेक्टर अरूण विश्वकर्मा के निर्देश पर नायब तहसीलदार शैलेंद्र सिंह का तबादला कर दिया गया है। सांचेत तहसील टप्पा कार्यालय से हटाकर सलामतपुर-दीवानगंज सर्किल कार्यालय रायसेन कर दिया है।

मालूम हो कि बुजुर्ग सीताबाई की जमीन पर दबंगों ने कब्जा कर फसल बोवनी कर दी। पीड़िता ने पुलिस एवं प्रशासन से अतिक्रमण हटाने आवेदन देकर गुहार लगाई। लेकिन सुनवाई नहीं हुई तो वह परिवार के साथ कार्यालय रायसेन की दहलीज पर बैठ गई थी।